हरिभूमि
रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार, 14 मई, 2025

तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

9 आरपीएस की अनुष्का व पर्व ने 99 प्रतिशत अंक लिए

10 बोर्ड की दसवीं व बारहवीं में लड़कियों ने फिर मारी बाजी

खबर संक्षेप

नाकेबंदी के दौरान अवैध शराब के साथ एक काबू

रेवाड़ी। पांचोर नहर के पास पुलिस ने नाकेबंदी के दौरान एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ काबू किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि राजीव नगर धक्का बस्ती निवासी अभिषेक अवैध शराब का धंधा करता है। वह ठेके से शराब लेकर लाधुवास गांव की ओर जाएगा। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने पांचोर के पास नहर के कच्चे रास्ते पर नाकेबंदी कर दी। कुछ समय बाद अभिषेक पुलिस के हत्थे चढ़ गया। उसके कब्जे से 24 अध्धे शराब बरामद हुई।

कसोला क्षेत्र से युवती घर से लापता, मामला दर्ज

कसोला। क्षेत्र के एक गांव से करीब 20 वर्षीय युवती घर से लापता हो गई। पुलिस शिकायत में युवती के पिता ने बताया कि उसकी बेटी 12 मई को सुबह 10 बजे घर से कहीं चली गई। उसके वापस नहीं आने पर तलाश शुरू की गई। रिश्तेदारियों व दूसरे स्थानों पर पता करने के बाद भी बेटी का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद युवती का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस थानों में युवती के लापता होने की इत्तला भेजी गई है।

कंवाली गांव के बसस्टैंड पर खड़ी बाइक चोरी

डहीना। कंवाली गांव के बस स्टैंड पर खड़ी बाइक चोरी हो गई। डहीना पुलिस चौकी को दर्ज शिकायत में झाड़ौदा निवासी मोहित ने बताया कि वह अपने चाचा सोमबीर की बाइक यूज करता है। चाचा की बाइक लेकर वह कंवाली आया था। बाइक बस स्टैंड पर खड़ी करने के बाद वह किसी काम से मानेसर चला गया। शाम को जब वह वापस आया तो उसे बाइक नहीं मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

ड्यूटी के लिए घर से निकला युवक लापता

रेवाड़ी। शक्ति नगर से रात्रि ड्यूटी के लिए घर से निकला एक युवक लापता हो गया। पुलिस शिकायत में जयप्रकाश ने बताया कि उसका बेटा रितिक 30 अप्रैल को शाम 7 बजे कंपनी में रात्रि ड्यूटी करने के लिए घर से गया था। इसके बाद वह घर नहीं आया। अगले दिन उसके घर नहीं आने पर कंपनी में भी पूछताछ की गई, परंतु वह ड्यूटी पर नहीं पहुंचा था। इसके बाद लगातार पूछताछ की गई, परंतु उसके बेटे का कोई पता नहीं चल सका। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

अवैध शराब के साथ पकड़ा गया आरोपी

धारूहेड़ा। सेक्टर-6 थाना पुलिस ने वार्ड नं. 4 में घर से शराब सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि इस वार्ड में रहने वाला रॉकी अपने मकान में शराब की अवैध बिक्री करता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने उसके मकान पर दबिश दी। वहां पुलिस को रॉकी मिल गया। तलाशी के दौरान से मकान से देशी व अंग्रेजी शराब की साढ़े 29 बोतल बरामद हुई, जो अध्धों और पव्वों में डाली हुई थी। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मारपीट के आरोप में कई लोगों पर मामला दर्ज

धारूहेड़ा। बेसटेक सोसायटी में रहने वाली महिला व उसके परिजनों के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सुनीता ने बताया कि वह पार्क में घूम रही थी। उसी दौरान दीपक, ईश्वर व जयबीर सहित कई लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट करना शुरू कर दिया। बचाव में आए उसके परिवार के सदस्यों के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने महिला के बयान दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

जिले में 6975 विद्यार्थियों ने दी 12वीं की परीक्षा, 6212 हुए पास, 602 की आई कंपार्टमेंट

हरियाणा बोर्ड 12वीं में छठे पायदान पर पहुंचा रेवाड़ी एसकेजी भाकली के छात्र रजत को मिला चौथा स्थान

जिले का पास प्रतिशत 89.06 रहा, जबकि गत वर्ष पास 87.81 था, 12वीं की परीक्षा में राजकीय विद्यालयों की पास प्रतिशतता 84.67, जबकि प्राइवेट की पासिंग प्रतिशत 86.98 रही

रेवाड़ी। प्रदेश में चौथे स्थान पर रहा छात्र रजत व एसकेसी स्कूल भाकली में खुशी मनाते शिक्षक व विद्यार्थी तथा स्वामी विवेकानंद स्कूल बटौड़ी में खुशी मनाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हेमंत शर्मा ⏭ रेवाड़ी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने मंगलवार को 12वीं कक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। जिले के कोसली क्षेत्र के गांव भाकली के एसकेजी सीनियर सैकेंडरी स्कूल के छात्र रजत ने 493 अंक लेकर प्रदेश की टॉप टेन सूची में नाम दर्ज कराया है। टॉप टेन सूची में रजत ने चौथा स्थान पाया है।

हरियाणा बोर्ड के परीक्षा परिणाम में इस बार रेवाड़ी गत वर्ष के दसवें पायदान से ऊपर चढ़कर छठे पायदान पहुंच गया है। जिले का पास प्रतिशत 89.06 रहा, जबकि गत वर्ष पास प्रतिशत 87.81 प्रतिशत था। इससे पहले वर्ष 2023 में रेवाड़ी जिला बोर्ड के परीक्षा परिणाम में 88.10 प्रतिशत के साथ प्रदेश में पहले पायदान पर आया था। हरियाणा बोर्ड के परीक्षा परिणाम में जींद 91.05 प्रतिशत के साथ पहले, 91 प्रतिशत के साथ कैथल दूसरे व फतेहाबाद जिला 90.62 पास प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहा है। जिले में इस बार 44 परीक्षा केंद्रों पर 6975 विद्यार्थियों ने हरियाणा बोर्ड की परीक्षा दी थी, जिसमें से 6212 विद्यार्थी क्वालीफाई हुए है और 602 विद्यार्थियों की कंपार्टमेंट आई है तथा 161 विद्यार्थी परीक्षा में नॉन क्वालीफाई रहे।

वेबसाइट पर देख सकते हैं परीक्षा परिणाम

डीईओ सुभाष चंद सामरिया ने बताया कि परीक्षार्थी अपना परीक्षा परिणाम आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। परीक्षा में राजकीय विद्यालयों की पास प्रतिशतता 84.67 रही, जबकि प्राइवेट विद्यालयों में पासिंग प्रतिशत 86.98 रहा है। विद्यार्थी परीक्षा परिणाम संबंधित विद्यालयों में जाकर, बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट बीएसईएच.ओआरजी.इन या साइबर कैफे पर जाकर देख सकते है। इसके अलावा स्कूल को भी अपनी यूजर आई व पासवर्ड डाकर रिजल्ट डाउनलोड करना होगा, अगर कोई विद्यालय अगर समय पर परिणाम प्राप्त नहीं करता है तो इसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। स्वयंपाठी परीक्षार्थी अपना रोल नंबर या नाम, पिता का नाम, माता का नाम व डेट ऑफ बर्थ भरते हुए परिणाम देख सकते हैं।

रेवाड़ी। गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल में परीक्षा परिणाम की खुशी मानते शिक्षक व छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

रजत का इंजीनियर बनने का सपना

मूलरूप से महेन्द्रगढ़ जिले के नांगल सिरोही निवासी रजत का सपना इंजीनियर बनने का है। रजत वर्तमान में कोसली क्षेत्र के गांव श्याम नगर में अपनी बुआ के घर पढ़ाई करता है। एसकेजी सी. सै. स्कूल भाकली के विज्ञान संकाय के छात्र रजत ने 12वीं कक्षा में 500 में से 493 अंक प्राप्त किए है। प्रदेश की टॉप टेन सूची में रजत जहां छठे नबंर पर है वहीं सूची में दूसरे व तीसरे नंबर के छात्र के समान अंक व पांचवे व छठे नंबर के छात्र के समान अंक होने पर रजत का प्रदेश में चौथा नंबर है। रजत ने विज्ञान संकाय में प्रदेश में टॉप किया है। रजत के पिता सुरेन्द्र सिंह पटौदी कोऑपरेटिव बैंक में कार्यरत है तथा माता नीलम देवी प्राइवेट स्कूल में टीचर है। एसकेजी स्कूल के संचालक श्याम सिंह ने कहा कि रजत ने सोशल मीडिया से दूर रहकर नियमित पढ़ाई करके सफलता पाई है। वहीं एसकेजी स्कूल में दूसरे स्थान पर नवदीप शर्मा गांव कोसली ने 488 अंक प्राप्त किए व 478 अंक लेकर शुभम गांव टूमना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल से 114 बच्चों ने 12वीं की परीक्षा दी, जिसमें 23 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए व 74 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में नाम दर्ज कराया। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर एसकेजी शिक्षा समिति के प्रधान राय सिंह, संचालक श्याम सिंह व प्रधानाचार्य पवन कुमार ने रजत को बधाई दी है।

गत वर्ष दसवें पायदान पर था रेवाड़ी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में गत वर्ष जिला रेवाड़ी प्रदेश में 87.81 प्रतिशत के साथ दसवें पायदान पर था तथा 2023 में 88.10 प्रतिशत के साथ प्रदेश में पहले पायदान पर आया था। गत वर्ष जिले में 61 परीक्षा केंद्रों पर 7542 विद्यार्थियों ने हरियाणा बोर्ड की 12वीं की परीक्षा दी थी, जिसमें से 6626 विद्यार्थी पास हुए है, 787 विद्यार्थियों की कंपार्टमेंट आई तथा 129 विद्यार्थी परीक्षा में असफल रहे।

पुलिस ने नाकाबंदी कर 156 वाहनों के काटे चालान, 3 वाहन किए इंपाउंड

- यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

रेवाड़ी। अभियान के तहत वाहनों की जांच करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

जिला पुलिस ने जिलेभर में सीलिंग प्लान के तहत एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम, कानून व्यवस्था बनाए रखना और यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करना था। इस दौरान 156 वाहनों के चालान काटे गए और 3 वाहनों को इंपाउंड किया गया।

पुलिस टीमों ने विभिन्न नाकों पर बैरिकेड लगाकर वाहनों की गहनता से जांच की। इस दौरान दोपहिया वाहन व चार पहिया वाहनों के ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट और बीमा की जांच क। साथ ही, वाहनों में संदिग्ध वस्तुओं की तलाश भी की गई। चेकिंग अभियान के दौरान, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें बिना हेलमेट या सीट बेल्ट के वाहन चलाने, बिना नंबर प्लेट वाहन चलाने, बिना वैध कागजात के वाहन चलाने और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले शामिल थे।

पुलिस ने मौके पर ही चालान काटे और कुछ मामलों में वाहनों को जब्त भी किया।

प्रोफेसर रविंद्र ने संभाला डीन ऑफ कॉलेज का पदभार

रेवाड़ी। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के वाणिज्य विभाग में कार्यरत प्रोफेसर रविंद्र ने डीन ऑफ कॉलेज का पदभार संभाल लिया है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धमार्णी ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। इससे पूर्व प्रो. र विं द्र विश्वविद्यालय के कई महत्वपूर्ण पदों पर भी कार्य कर चुके हैं, वे निदेशक युवा कल्याण एवं विधि विभाग के विभागाध्यक्ष भी रहे है। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर का पद भी संभाले हुए हैं। प्रोफेसर रविंद्र ने कहा कि अपने कार्य का कर्मठता, मेहनत एवं लग्न के साथ निर्वहन करते हुए विश्वविद्यालय को और ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास करेंगे।

प्रोफेसर रविन्द्र।

अनाज मंडियों में सफाई व्यवस्था के लिए नियमित मॉनिटरिंग करें अधिकारी : डीसी

- उपायुक्त ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि जिले की अनाज मंडियों में सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखते हुए स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी रूप से मंडियों में गंदगी नजर न आए। इसके लिए अधिकारियों की ओर से मॉनिटरिंग की जाए। डीसी मंगलवार को विभागीय अधिकारियों के साथ अनाज मंडी की सफाई व्यवस्था को लेकर बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे।

डीसी मीणा ने अधिकारियों को अनाज मंडी में प्रतिदिन रोड और शेड में सफाई की व्यवस्था करने व एजेंसियों को अनाज मंडी में गेहूं व सरसों की खरीद प्रक्रिया उपरांत शीघ्र उठान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मार्केट कमेटी सहित आढ़ती अनाज मंडी में अपने-अपने स्थान पर साफ-सफाई रखें और मंडी परिसर में किसी भी क्षेत्र में कूड़ा करकट न फैलाएं। यदि मंडी परिसर में कोई दुकानदार कूड़ा डस्टबिन में नहीं डालता है तो उनका चालान किया जाए।

रेवाड़ी। अनाज मंडी की सफाई व्यवस्था को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते डीसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि

अवैध पार्किंग न हो

डीसी ने कहा अनाज मंडी में किसी प्रकार की अवैध पार्किंग न हो। अनाज मंडी का औचक निरीक्षण भी किया जाएगा, यदि मंडी में व्यवस्था दुरुस्त नहीं मिली तो अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही होगी। बैठक में नगर आयुक्त राहुल मोदी, प्रशिक्षु आईएएस रूहानी, एसडीएम सुरेन्द्र सिंह व सीटीएम प्रीति रावत व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

राष्ट्रीय अवार्डी शिक्षक संघ ने सीएम के समक्ष रखी मांगें

रेवाड़ी। मुख्यमंत्री के समक्ष संघ की मांगें रखते हुए राज्य प्रधान राजेंद्र शर्मा।

रेवाड़ी। राज्य एवं राष्ट्रीय अवार्डी शिक्षक संघ हरियाणा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलकर संघ की लंबित मांगों को रखकर विसंगतियों को दूर करने का आग्रह किया।

संघ के जिला प्रधान डा. विजेंद्र सिंह ने बताया कि रेवाड़ी के उप जिला शिक्षा अधिकारी तथा संघ के राज्य प्रधान राजेंद्र शर्मा की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री के समक्ष संघ की लंबित मांगें रखीं, जिनमें सभी अलंकृत शिक्षकों को दो वर्षों का सेवा विस्तार देने, दो अतिरिक्त वेतन वृद्धियां प्रदान करने व तबादलों में पांच अतिरिक्त अंक दिए जाना शामिल थी।

मुख्यमंत्री ने संघ को आश्वस्त किया कि तीनों बिंदुओं पर विचार करते हुए अलंकृत शिक्षकों को हर संभव मान-सम्मान दिया जाएगा। राज्य प्रधान राजेंद्र शर्मा तथा प्रवक्ता डा. प्रमोद कुमार ने मुख्यमंत्री के आश्वासन पर आभार जताया। प्रतिनिधि मंडल में रवि कुमार, कुलदीप कुमार, इंद्रावती सांगवान तथा अनीता कुमारी उपस्थित थे।

गर्मी का प्रकोप तेज हवाओं के साथ मौसम में बदलाव, आज से तापमान में और वृद्धि की संभावना

पश्चिमी विक्षोभों की सक्रियता से मौसम में बार-बार आ रहा बदलाव

दस दिन बाद पारा पहुंचा 40 डिग्री पर भारी गर्मी की ओर बढ़ने लगा मौसम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

पश्चिमी विक्षोभों की सक्रियता से मई माह के शुरू से ही मौसम में आ रहा बार-बार बदलाव भारी गर्मी से राहत देता रहा है। अब मौसम में एक बार फिर बदलाव की संभावना जताई जा रही है। आसमान में बादलों और तेज हवाओं के साथ कुछ इलाकों में बूंदाबांदी के बावजूद बुधवार से तापमान में वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही है। अगले दो-तीन दिनों में लू का प्रकोप भी शुरू हो सकता है।

गत 1 मई को अधिकतम तापमान 40.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इसके बाद लगातार कमी आती रही। मई माह में पड़ने वाली भारी गर्मी से लोगों को इस बार अभी तक राहत मिली रही है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 40.0 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 20.0 डिग्री दर्ज किया गया। सुबह से आसमान साफ रहा। दोपहर बाद आसमान में आंशिक बादल छाने के बाद तेज हवाओं के साथ कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हुई। शाम तक आसमान में बादल छाए रहे। इससे पूर्व दोपहर तक तेज धूप के कारण भारी गर्मी का प्रकोप बना रहा, जिससे बाजार से लेकर सड़कों तक पर भीड़ गायब रही। गर्मी ने दोपहर तक लोगों के जमकर पसीने छुड़ाए। मौसम विभाग के अनुसार 14 मई से आसमान साफ होने की उम्मीद है। इसके बाद तापमान में तेजी से वृद्धि हो सकती है। सप्ताह के अंत तक तापमान 42 डिग्री के पार जा सकता है, जिससे लोगों को लू के थपेड़ों का सामना करना पड़ सकता है।

रेवाड़ी। मंगलवार को तेज धूप व गर्मी में खाली पड़ा नाईवाली पुल। फोटो : हरिभूमि

तेज आंधी के बाद कई गांवों में ब्लैकआउट

सोमवार देर सायं आई तेज आंधी के कारण कई गांवों में ब्लैकआउट की स्थिति पैदा हो गई। जिले में 30 से अधिक बिजली फीडरों को बंद कर दिया गया था। आंधी थमने के बाद इन फीडरों को बारी-बारी से चलाना शुरू किया, जिनमें से कई फीडर देर रात तक नहीं चल पाए। कुछ गांवों में बिजली के पोल भी गिर गए। आंधी के साथ कुछ इलाकों में बूंदाबांदी भी हुई।

युग का 'कराटे किडः लीजेंड्स' से होगा डेब्यू

मुंबई। हॉलीवुड फिल्मों 'द लॉयन किंग' और 'मुफासा' में अभिनेता शाहरुख खान के अपने बेटों के साथ मुख्य किरदारों की डबिंग करने के बाद अब अभिनेता अजय देवगन अपने बेटे युग के साथ ऐसा ही कुछ हॉलीवुड की नई फिल्म 'कराटे किडः लीजेंड्स' में करने जा रहे हैं। इस फिल्म के हिंदी संस्करण में अजय देवगन मिस्टर हान की आवाज बनेंगे जबकि उनके बेटे युग देवगन को ली फॉन्ग की आवाज के रूप में सुना जा सकेगा। ये फिल्म इसी महीने रिलीज हो रही है। हॉलीवुड फिल्मों के डब संस्करणों की भारत में हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में भी खूब लोकप्रियता रही है।

लाइफ Style

सामंथा

मुझमें नहीं थी आगे बढ़ने की हिम्मत

एजेंसी ⏭ मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु एक बेहतरीन अभिनेत्री होने के साथ-साथ अपनी बातों को खुलकर रखने के लिए भी जानी जाती हैं। वो अपने तलाक से लेकर अपने स्वास्थ्य तक पर खुलकर बोलती हैं। अब अभिनत्री ने अपने उन दिनों को याद किया जब कुछ भी उनके पक्ष में नहीं जा रहा था और वो काफी परेशान थीं।

सामंथा ने बताया कि उस समय उन्हें सबसे बुरे ख्याल आते थे। फिर कैसे उन्होंने इस पर काबू पाया और इससे उन्हें क्या सीखने को मिला, इसके बारे में भी उन्होंने बात की। हाल ही में गलाटा प्लस के साथ बातचीत में सामंथा ने अपने परेशान करने वाले दौर का जिक्र किया। अभिनेत्री ने कहा, 'मुझे याद है कि एक बार मैं वाकई में उस मोड़ पर पहुंच गई थी, जहां मैंने सोचा था कि बस मैं अब और नहीं कर सकती। मेरे मन में सबसे बुरे विचार आए। जाहिर है कि मुझमें आगे बढ़ने और ऐसा करने की हिम्मत नहीं थी। यह एक साल तक कठिन था। ऐसा कुछ भी नहीं था जो काम कर रहा था, कोई जवाब नहीं दिया जा रहा था।' सामंथा ने इन विचारों पर काम न करने और उनसे निपटने के लिए क्या किया और कैसे इनसे पीछा छुटाया, इसको लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, 'मैंने स्पष्ट रूप से हिम्मत नहीं हारी, क्योंकि इन विचारों पर काम करने के लिए आपके पास बहुत हिम्मत होनी चाहिए। इसलिए मैंने सोचा मुझे किसी तरह इस सबसे बचने का तरीका ढूंढना होगा। साथ ही अपने जीवन में और चीजों के बारे में सोचना शुरू करना होगा। अब, जब लोग कहते हैं कि वे कठिन समय से गुजर रहे हैं, तो मैं वास्तव में उन्हें इससे गुजरने के लिए कहती हूं। इससे हमेशा कुछ न कुछ सीखने को मिलता है।

हॉलीवुड मसाला

'एफ-1' का हिंदी ट्रेलर हुआ रिलीज

लॉस एंजिल्स। निर्देशन जोसेफ कोसिंस्की की बहुप्रतिक्षित हॉलीवुड फिल्म 'एफ1' का हिंदी ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में ब्रैड पिट के अलावा कई स्टार्स नजर आए। एफ1 एक अमेरिकी स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म की कहानी एरेन क्रूगर और जोसेफ ने मिलकर लिखी है। इस फिल्म में फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप को दिखाया गया है, जिसे एफआईए के सहयोग से बनाया गया है। फिल्म में ब्रैड पिट, डैमसन इद्रीस, केरी कॉन्डन, टोबियास मेंजीस, किम बोडनिया और जेवियर बार्डेम ने अभिनय किया है।



रॉबर्ट डी नीरो 'पाल्मे डी ओर' से होंगे सम्मानित

लॉस एंजिल्स। दिग्गज हॉलीवुड अभिनेता और निर्माता रॉबर्ट डी नीरो को 2025 के कान फिल्म फेस्टिवल में पाल्मे डी'ओर से सम्मानित किया जाएगा। रॉबर्ट डी नीरो को लाइफटाइम अचीवमेंट के तौर पर दिग्गज अभिनेता लियोनार्डो डिकैप्रियो द्वारा पाल्मे डी'ओर अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा। ये सम्मान कान फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह में ही दिया जाएगा। डी नीरो अब तक दो ऑस्कर समेत कई अवॉर्ड्स को पहले ही अपने नाम कर चुके हैं। लियोनार्डो डिकैप्रियो द्वारा डी नीरो को ये सम्मान मिलना और भी खास है। क्योंकि, दोनों एकसाथ काम भी कर चुके हैं। डिकैप्रियो और डी नीरो ने पहली बार 1993 में आई फिल्म 'दिस बॉयज लाइफ' में साथ काम किया था। इसके बाद दोनों 'किलर्स ऑफ द फ्लावर मून' में फिर एक साथ नजर आए थे। जिसे 2023 के कान्स में आधिकारिक चयन में दिखाया गया था।

शादी, धोखा, इंटीमेट से भरपूर थ्रिलर फिल्म

नई दिल्ली। मलयालम फिल्मों का तेलुगु दर्शकों के बीच एक खास आकर्षण होता है। स्टार हीरो न होने के बावजूद मजबूत कहानी वाली फिल्में तेलुगु में अच्छी प्रतिक्रिया पा रही हैं। हाल ही में थ्रिलर, हॉरर, रोमांटिक ड्रामा जॉनर की मलयालम फिल्में ओटीटी पर तहलमका मचा रही हैं। ऐसी ही एक नई मूवी है जिसका नाम है 'चतुरम'। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म साइना प्ले पर मौजूद है। इस फिल्म का तेलुगु डब टाइटल भी 'चतुरम' है। यह फिल्म साल 2022 में रिलीज हुई थी, जिसे खूब पसंद किया गया और आज भी एंटरटेनमेंट के लिए यह दर्शकों की अच्छी चॉइस बन रही है। बोल्ड रोमांटिक सस्पेंस थ्रिलर जॉनर में बनी इस फिल्म का डायरेक्शन सिद्धार्थ भारतन ने किया है। स्वासिका, रोशन मैथ्यू और अलेंसियर ले लोपेज जैसे सितरे अहम किरदारों में नजर आते हैं।

आमिर- राजकुमार फिर मचाएंगे धमाल

मुंबई। '3 इडियट्स' और 'पीके' के बाद आमिर खान और राजकुमार हिरानी की जोड़ी एक बार फिर धमाल मचाने की तैयारी में है। 'पीके' 11 साल पहले आई थी, और अब यह सुपरहिट जोड़ी एक नई फिल्म में साथ नजर आ सकती है। दोनों के बीच एक फिल्म के लिए बात चल रही है। '3 इडियट्स' साल 2009 में आई थी, और यह ब्लॉकबस्टर रही थी और कई रिकॉर्ड बनाए गए थे। और फिर इसके पांच साल बाद यह जोड़ी 'पीके' के रूप में एक और सुपरहिट लेकर आई थी। तभी से फैंस आमिर खान और हिरानी की अगली फिल्म का इंतजार कर रहे थे। और अब इस पर बात बनती नजर आ रही है। राजकुमार हिरानी फिल्म के लिए 3 विचारों पर काम कर रहे थे, और उन्होंने एक सब्जेक्ट फाइनल कर लिया है। हिरानी ने इसके बारे में आमिर खान से चर्चा की।

टीवी मसाला

बिग बॉस 19 और खतरों के खिलाड़ी पर संकट के बादल

नई दिल्ली। टीवी के दो बड़े और पॉपुलर शोज बिग बॉस और खतरों के खिलाड़ी के फैंस के लिए एक निराश करने वाली खबर सामने आ रही है। विवादास्पद रिएलिटी शो 'बिग बॉस'और एडवेंचर शो 'खतरों के खिलाड़ी'इस साल शायद ही ऑन-एयर हो पाए। यानी जिन शोज का दर्शक बेसब्री से इंतजार करते हैं, उनके नए सीजन को लेकर अब अनिश्चितता की स्थिति बन गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 'बिग बॉस'और 'खतरों के खिलाड़ी'के प्रोड्यूसर 'बानी जे एशिया'ने खुद को कलर्स चैनल से अलग कर लिया है। पिछले काफी समय से चैनल और प्रोड्यूसर के बीच मतभेद की खबरें लगातार सामने आ रही थीं और अब रिपोर्ट्स की मानें तो प्रोड्यूसर ने चैनल से मुंह फेर लिया है। यानी इस साल बिग बॉस और रोहित शेट्टी के शो खतरों के खिलाड़ी के नए सीजन को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। बता दें दोनों ही रियलिटी शोज कलर्स चैनल पर हर साल एक तय समय पर प्रसारण होते थे, लेकिन अब यह परंपरा टूट सकती है। इस पूरे विवाद पर अभी तक चैनल या प्रोडक्शन हाउस की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि हालिया महीनों में क्रिएटिव मतभेद और बजट को लेकर खींचतान इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों ने अलग होने का फैसला कर लिया। फैंस के लिए यह खबर निश्चित ही किसी झटके से कम नहीं है।

टीवी के महादेव को ऐसे मिली थीं उनकी पार्वती

नई दिल्ली। टीवी के पॉपुलर एक्टर मोहित रैना 'देवों के देवः महादेव' से छोटे पर्दे पर छा गये थे। इस सीरियल में वह मत्स्य वाले महादेव की भूमिका में नजर आए थे। इस शो के बाद उनके फैंस को उनमें महादेव की छवि नजर आने लगी थीं। मोहित ने साल 2004 में टीवी शो अंतरिक्ष से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। वह बंदिनी सीरियल में भी नजर आए थे, लेकिन देवों के देव महादेव उनका सबसे पॉपुलर टीवी शो है। यह शो तीन साल तक चला था. मोहित रैना की पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने अदिति शर्मा से शादी रचाई थी. आइए जानते हैं महादेव मोहित को कैसे मिली उनकी 'पार्वती'? मोहित की अदिति शर्मा से मुलाकात दोस्तों के जरिए हुई थी। अदिति नॉन-फिल्मी बैकग्राउंड से हैं. दोस्तों के बीच मिलने के बाद दोनों ने एक-दूजे को ज्यादा समय देना शुरू कर दिया. अच्छे दोस्त बनने के बाद दोनों के अंदर एक-दूजे के लिए फीलिंग जगने लगी। मोहित ने दोस्ती के रिश्ते को प्यार में बदलने के लिए एक कदम आगे बढ़ाया। एक इंटरव्यू में मोहित ने बताया था, मैं दोस्तों के बीच उनसे मिला था, मैं हमेशा से कहता हूं, 'जो चाहो देखो, जो चाहो पाओ'।

भारत की पहली हॉरर मूवी 76 साल पहले हुई थी रिलीज

नई दिल्ली। सिनेमा की दुनिया में हॉरर का अपना ही एक रसूख है। हॉरर फिल्में डराती भी हैं और ये खूब पसंद भी की जाती हैं। लेकिन आप भारत की पहली हॉरर फिल्म का नाम जानते हैं? अगर नहीं तो हम आपको बताते हैं। भारत में हॉरर फिल्मों की शुरुआत 1949 में रिलीज हुई 'महल' फिल्म से मानी जाती है। कमल अमरोही निर्देशित यह फिल्म ना सिर्फ अपने समय की सुपरहिट फिल्म थी, बल्कि इसने भारतीय दर्शकों को रहस्य और भूत-प्रेत की कहानियों से रूबरू भी कराया था। 'महल' को बॉम्बे टॉकीज ने प्रोड्यूस किया था, और यह अपने समय की सबसे महंगी फिल्मों में से एक थी।

फिल्म का बजट : 'महल' का निर्माण उस समय के हिसाब से बड़े पैमाने पर किया गया था। बताया जाता है कि उस समय फिल्म पर लगभग 12 लाख रुपए (आज के हिसाब से 12-14 करोड़ रुपए) का खर्च आया था. जो 1940 के दशक के लिए एक बड़ी रकम थी। फिल्म का भव्य सेट, शानदार सिनेमैटोग्राफी और मधुबाला जैसे बड़े सितारों की मौजूदगी ने इसे एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट बनाया। कमल अमरोही ने कहानी को रहस्यमय और मनोवैज्ञानिक थ्रिलर के रूप में प्रस्तुत किया, ये जॉनर उस समय भारतीय सिनेमा में नया था।

बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

'महल' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया। फिल्म ने भारत में लगभग 25 लाख रुपए (आज के हिसाब से 200 करोड़ रुपए) की कमाई की, जो उस समय के लिए एक रिकॉर्ड था। दर्शकों ने मधुबाला और अशोक कुमार की जोड़ी को खूब सराहा, और फिल्म के गाने, जैसे आएगा आनेवाला, आज भी क्लासिक माने जाते हैं। इसकी सफलता ने हॉरर और सस्पेंस को भारतीय सिनेमा में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई।

कश्मीर पर आधारित फिल्में, जिन्होंने हसीन वादियों के साथ दिखाया खून का मंजर...

नई दिल्ली। पहलगाम हमले के कुछ दिनों बाद, भारत और पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिंदूर का संघर्ष चल रहा है। कश्मीर पर बनीं कुछ फिल्मों और टीवी सीरीज में भी कश्मीर की हसीन वादियों से लेकर खून तक का मंजर दिखाया गया है। फिल्म रोजा' में हसीन वादियां दिखाई गईं, तो वहीं द कश्मीर फाइल्स में वहां की वास्तविकता से पर्दा उठाया गया।

'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक'

विक्की कौशल अभिनत फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' 2016 के उरी हमले

और उसके बाद भारत की सर्जिकल स्ट्राइक पर आधारित है। 'हाउज द जोश? हाई सर" डायलॉग के साथ इस फिल्म ने दर्शकों का दिल जीता। इसे आप जी5 और डिजनी + डॉटस्टार पर देख सकते हैं। इस फिल्म में उरी में हुई वास्तविक घटनाओं को पेश किया किया।

रोजा

'रोजा' 1992 की एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन और सह-लेखन मणिरत्नम ने किया है। फिल्म में अरविंद स्वामी और मधु ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म की कहानी की तरह ही फिल्म का संगीत लोगों के दिलों को छू गया। फिल्म का संगीत एआर रहमान ने तैयार किया। मणिरत्नम की यह फिल्म एक प्रेम कहानी है, जो कश्मीर के तनावपूर्ण माहौल में पनपती है।

द कश्मीर फाइल्स

कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित है फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स'। भले ही इस फिल्म को विवादास्पद करार दिया गया हो, लेकिन 'द कश्मीर फाइल्स' ने कई घटनाओं से पर्दा उठाया है। इस फिल्म में अनुपम खेर के अभिनय की जमकर तारीफ हुई। इसे आप जी5 पर देख सकते हैं।

हैदर

जम्मू-कश्मीर की एक और दमदार कहानी शाहिद कपूर की हैदर के रूप में सामने आई है। शाहिद कपूर अभिनीत फिल्म 'हैदर' शेक्सपियर के 'हेमलेट' से प्रेरित है। यह कश्मीर की राजनीति और एक बेटे की अपने पिता के गायब होने के पीछे के रहस्यों की खोज की कहानी है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

78वां कान फिल्म फेस्टिवल का हुआ आगाज, 24 मई तक चलेगा यह इवेंट

आलिया करेंगी डेब्यू; ऐश्वर्या से लेकर करण जौहर तक आएंगे नजर

पेरिस। मंगलवार 13 मई 2025 से कान फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत हो चुकी है, यह इवेंट 24 मई तक चलेगा। 78वां कान फिल्म फेस्टिवल में भारतीय फिल्म जगत के भी कई चर्चित चेहरे अलग-अलग श्रेणियों में फिल्म फेस्टिवल में रौनक बिखरेंगे।

आलिया का कान में डेब्यू

78वें कान में आलिया भट्ट, ऐश्वर्या राय बच्चन और फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया सहित कई चर्चित भारतीय फिल्म हस्तियां अलग-अलग श्रेणियों में भाग लेंगी। यूं तो इस फिल्म फेस्टिवल में सबकी निगाहें ऐश्वर्या राय पर रहती हैं। वे करीब 20 साल से भी अधिक समय से इस फेस्टिवल में हिस्सा लेती आ रही हैं। मगर, इस बार आलिया भट्ट भी नजर आएंगी। आलिया भट्ट इस बार कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू कर रही हैं। वे कान के रेड कार्पेट पर लोरियल पेरिस की ग्लोबल एंबेसडर के तौर पर नजर आएंगी। इनके अलाव जैकलीन फर्नांडिस और उर्वशी रौतेला के भी शामिल होनी की खबर है।

शर्मिला टैगोर भी लेंगी हिस्सा

अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और सिमी ग्रेवाल सत्यजीत रे की 1970 की क्लासिक फिल्म 'अरण्येर दिन रात्रि' के रिस्टोर वर्जन की स्पेशल स्क्रीनिंग में शामिल होंगी। वहीं, अनुपम खेर निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' कान फिल्म बाजार में प्रदर्शित की जाएगी। ऐसे में अनुपम भी फेस्टिवल में हिस्सा ले सकते हैं।

जूरी सदस्यों में शामिल पायल कपाड़िया : इस बार यह भारतीय सिनेमा के लिए कान में गर्व का पल है। दरअसल, पिछले साल की ग्रैंड प्रिक्स विजेता फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' की निर्देशक पायल कपाड़िया इस बार कान फेस्टिवल में जूरी सदस्यों में शामिल हैं।

कान में पहली बार दिखाई गई यह भारतीय फिल्म : 1946 में जब कान की शुरुआत हुई थी तभी से भारतीय फिल्में वहां दिखाई जाने लगी थीं। कान में सबसे पहले भारतीय फिल्म 'नीचा नगर' दिखाई गई थी। फिल्म 'नीचा नगर' ने पहली बार अपनी उपस्तिथि कान में दर्ज कराई थी। इस फिल्म को 'ग्रांड प्रिक्स डू फेस्टिवल इंटरनेशनल डू फिल्म' के अवार्ड से नवाजा गया था। बता दें कि ग्रांड प्रिक्स कान फिल्म फेस्टिवल का एक पुरस्कार है, जो प्रतिस्पर्धी फीचर फिल्मों में से एक को फेस्टिवल की ज्यूरी द्वारा दिया जाता है।

सिमी ग्रेवाल ने अपने कान रेड कार्पेट लुक की दिखाई झलक : निर्देशक सत्यजीत रे की फिल्म 'अरण्येर दिन रात्रि(1970)' के रीस्टोर वर्जन की स्क्रीनिंग कान फिल्म फेस्टिवल में होने वाली है।

नीरज घेवन की 'होमबाउंड' की कास्ट

इस बार कान फिल्म फेस्टिवल में नीरज घेवन की फिल्म 'होमबाउंड' का भी चयन हुआ है। फेस्टिवल में फिल्म की कास्ट मौजूद रहेगी। निर्माता करण जौहर

भी शामिल होंगे। इनके अलावा दोनों मुख्य कलाकार जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर भी नजर आएंगे। इस फिल्म का प्रीमियर अन सर्टेन रिगार्ड सेक्शन के तहत होगा।

इंफ्लुएंसर पारुल गुलाटी भी होंगी शामिल

नितांशी गोयल के अलावा कान फिल्म फेस्टिवल में इंफ्लुएंसर, एक्ट्रेस और बिजनेस वूमेन पारुल गुलाटी भी शामिल होंगी, उनका भी इस फिल्म फेस्टिवल में यह डेब्यू है। पारुल गुलाटी 15 से 18 मई तक रेड कार्पेट पर नजर आएंगी। पारुल गुलाटी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फ्रांस से कुछ तस्वीरें भी हैं। साथ ही एक कैप्शन भी लिखा है, 'दिसंबर 2021 में मैं फ्रांस में वेब सीरीज 'मेड इन हेवन' की शूटिंग कर रही थी और मेरे पास शूटिंग से एक दिन की छुट्टी थी। मुझे पता चला कि कान फिल्म फेस्टिवल वाली जगह बस एक घंटे की दूरी पर है। मैं एक बस में चढ़ गई और वहां पहुंच गई। दुख की बात है कि उस दिन वहां बैरिकेड्स लगे हुए थे और मैं रेड कार्पेट या कान थिएटर की सीढ़ियों पर कदम नहीं रख सकी।

खबर संक्षेप

भारत, दीक्षा और मानशी ने पाया पहला स्थान

कोसली। सरस्वती स्कूल गुड़यानी के विद्यार्थियों ने 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के 100 प्रतिशत विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। भारत, दीक्षा और मानशी ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। 13 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक और बाकी छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।
प्रधानाचार्य धर्मवीर शर्मा ने सभी छात्रों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए बधाई दी। विद्यालय की अध्यक्ष मंजू ने भी छात्रों को सम्मानित किया।

ज्ञानदीप के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में रचा इतिहास

बावल। ज्ञानदीप स्कूल मोहनपुर के छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कक्षा 12वीं में पलक ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। वहीं कक्षा 10वीं में अक्षित ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय से 50 से अधिक छात्र मेरिट सूची में शामिल हुए। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता कुमारी और निदेशक रोहताश यादव ने सभी छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यालय के उच्च शैक्षिक मानकों और समर्पित शिक्षकों के सतत प्रयासों का परिणाम है।

12वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का सम्मान

रेवाड़ी। मंगलवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से कक्षा बारहवी का परीक्षा परिणाम घोषित करने पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिठवाना में परीक्षा में अच्छे नंबरों से पास होने वाले विद्यार्थियों का फूल मालाओं से सम्मान किया गया। बिठवाना स्कूल के 66 विद्यार्थी कक्षा 12वीं के एग्जाम में अच्छे नंबरों के साथ पास हुए। विद्यालय का होनहार विद्यार्थी विकास विज्ञान संकाय से 87 प्रतिशत नंबर लेकर व अश्वनी 86.6 प्रतिशत नंबर लेकर कला संकाय में प्रथम स्थान पर रहा। विद्यालय में 16 बच्चों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया व अन्य सभी बच्चों के 60 प्रतिशत से अधिक अंक आए। स

स्टॉक ऑडिट में गायब मिला लाखों का सामान

रेवाड़ी। दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर एक पेट्रोल पंप के पीछे कंपनी के गोदाम से लाखों रुपये का सामान अप्रैल माह में चोरी हो गया। स्टॉट ऑडिट में माल कम पाए जाने के बाद सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, तो तीन लोग गोदाम का टीनशेड उखाड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए नजर आए।

आरपीएस के सीईओ ने परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएं

12वीं के परिणामों में अनुष्का व पर्व ने 99 फीसदी अंक लेकर लहराई पताका

डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने शिक्षा का सर्वोत्तम विकास राष्ट्र की उन्नति का परिचायक बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रेवाड़ी। परीक्षा परिणाम की खुशी मनाते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

मंगलवार को सीबीएसई बोर्ड की ओर से 12वीं कक्षा के घोषित नतीजों में आरपीएस संस्था की छात्रा अनुष्का रॉय ने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया।

आरपीएस के सैंकड़ों विद्यार्थियों ने इतिहास, बिजनेस स्टडिज, एकांउटेंसी, इकॉनोमिक्स, हिन्दी, पेंटिंग, फाईन आर्टस, संगीत सहित विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक हासिल किए। आरपीएस संस्था की चेयरपर्सन डा. पवित्रा राव एवं संस्था के सीईओ इंजि. मनीष राव ने बताया कि मेधावी प्रतिभाओं ने कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों में हम्युनिटिज, कॉमर्स एवं सांईस स्ट्रीम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना, अपने विद्यालय, अभिभावकों, शिक्षकों व इलाके का नाम स्वर्णिम अक्षरों में रेखांकित किया है। इस ऐतिहासिक एवं गौरवमयी मौके पर आरपीएस की सभी शाखाओं के प्राचार्य, उपप्राचार्य, डीन व विंग हैडस ने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी। आरपीएस की अनुष्का रॉय व पर्व ने 99 प्रतिशत, हर्षिता यादव ने 98.8 प्रतिशत, पवन ने 98.6 प्रतिशत, वैष्णवी पाण्डेय 98.6 प्रतिशत, परि गोयल 98.2 प्रतिशत, पियुष 98 प्रतिशत, आरूशी राव, नितेश, विकास चौहान, सिद्धि यादव, आरूशी राव ने 97.8 प्रतिशत, तनिष्का जैन ने 97.6 प्रतिशत, सेजल ने 97.6 प्रतिशत, तमन्ना यादव ने 97.6 प्रतिशत, दिपांशु 97.4 प्रतिशत, हंशिका, जयवर्धन सिंह, योगेश कुमार व रितिका ने 97.2 प्रतिशत अंक हासिल कर बेमिसाल प्रदर्शन किया। आरपीएस संस्था के डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने शिक्षा का सर्वोत्तम विकास राष्ट्र की उन्नति का परिचायक बताया।

अभिभावकों व अध्यापकों को बधाई

छात्र पर्व

अमीषी गौतम

आरपीएस के ध्रुव सिंगरोहा ने 99.60, गार्गी दलाल ने 99.40 प्रतिशत व रिशिका, अमीषी, वसुंधरा, वंदिता, सुहानी व लक्षिता ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सीबीएसई 10वीं के परीक्षा परिणामों में सफलता हासिल कर पूरे आरपीएस समूह का नाम पूरे प्रदेश में गौरवान्वित किया है। सैंकड़ों विद्यार्थियों ने इंग्लिश, मैथ्स, सांईस, सामाजिक विज्ञान, संगीत, आईटी, एआई में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर नए कीर्तिमान स्थापित किए। इसके अलावा सकिना दलाल ने 98.8 प्रतिशत अंक हासिल किए। इस सर्वश्रेष्ठ एवं एतिहासिक उपलब्धि पर आरपीएस समूह की चेयरपर्सन डा. पवित्रा राव एवं संस्था के सीईओ इंजि. मनीष राव ने अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को बधाई दी।

ऑक्सफोर्ड के विद्यार्थियों ने 12वीं में गौरवान्वित किया

बारहवीं कक्षा में ऑक्सफोर्ड स्कूल के टॉपर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

मंगलवार को घोषित सीबीएसई कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल मुकुंदपुर बसई के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। स्कूल के 43 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया।

नॉन-मेडिकल संकाय से कन्हैया लाल ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मेडिकल संकाय से खुशी ने 95.2 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम व आर्ट्स संकाय की इशिका ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी स्ट्रीम में प्रथम व विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स संकाय में निकिता ने 85.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा सोनिया ने 91.2 प्रतिशत, तंजुल ने 90.2 प्रतिशत, रुद्र जोशी ने 93.8 प्रतिशत, नैंसी ने 93.2 प्रतिशत, महिमा ने 92.8 प्रतिशत, निधि ने 94.4 प्रतिशत, प्रिया ने 93 प्रतिशत, हिमांशु ने 94.8 प्रतिशत, वेदांत ने 90.4 प्रतिशत व खुशी ने 93.2 प्रतिशत अंक हासिल किए।

प्राचार्य विश्वदत्त यादव ने छात्रों की सफलता पर हर्ष जताते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का फल है। डायरेक्टर उज्ज्वल यादव, चेयरपर्सन किरणबाला व उप-प्राचार्या संगीता यादव ने विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई दी।

स्कूल निदेशक ने दी बधाई

कुनाल दसवीं व अमीषा बनी बारहवीं की स्कूल टॉपर

■ कोसली के हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों का रहा श्रेष्ठ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

छात्रा अमीषा

छात्रा नुपुर

छात्रा नैंसी

कोसली के हैप्पी सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई की ओर से घोषित 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया है।

कोसली स्टेशन क्षेत्र निवासी दसवीं के छात्र कुनाल ने विज्ञान एवं गणित विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करके रिकार्ड कायम किया। कुनाल ने 96 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नेहरूगढ़ गांव की छात्रा प्रिया यादव ने 93 प्रतिशत, बाबडोली गांव के छात्र हर्ष ने 92 प्रतिशत व करण ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 12वीं की छात्रा अमीषा ने 97 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नुपुर ने 95 प्रतिशत, नैंसी ने 94 प्रतिशत व कुमकुम ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय के अन्य छात्र व छात्राओं ने 80 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उतीर्ण की। स्कूल निदेशक विमल मलिक व डा. रामकरण मलिक ने विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को शुभकामनाएं दी।

97.6 के साथ इरफान रहा स्कूल में प्रथम

सीबीएसई की 12वीं व10वीं के परीक्षा परिणामों में सूरज स्कूल का उम्दा प्रदर्शन

परीक्षा परिणाम की घोषणा से विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

सीबीएसई द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों ने असीम सफलता प्राप्त की व पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए नए शिखर को छुआ।

सूरज स्कूल निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि इस परीक्षा परिणाम में नॉन मेडिकल संकाय से होनहार छात्र इरफान खान पुत्र शबिर मोहम्मद ने 97.6 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसी क्रम में योगेश रोहिल्ला पुत्र राजेश कुमार ने 97.2, उषा पुत्री अनुप सिंह ने 97.0, खुशी पुत्री लक्ष्मण ने 97.0, खुशी पुत्री जोगेंद्र

महेंद्रगढ़। विजय चिह्न बनाकर खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

ने 97.0, वंशिका पुत्री हितेश चौहान ने 96.8, साक्षी पुत्री देवेंद्र यादव ने 96.8, खुशी पुत्री सुनील कुमार ने 96.8, अमृता चौरसिया पुत्री अनिल चौरसिया ने 96.8, आशना पुत्री अनिल कुमार ने 96.4, प्रतिभा पुत्री सुनील कुमार ने 96.0, खुशबू यादव पुत्री मुकेश कुमार ने 95.8, प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय की टॉप-10 सूची में नाम दर्ज करवाया। इसी के साथ कक्षा 10वीं के घोषित परिणाम में छात्र यश अग्रवाल ने 99.0 प्रतिशत अंक साथ विद्यालय में टॉप किया। इसी क्रम में छात्र अंशिका यादव ने 98.6, मानसी ने 98.4, आदि ने 98.4, अर्पित राज पाठक ने 98.2, यशु ने 98.2, हरीश ने 98.2, कार्तिक कुमार ने 97.4, पलक यादव ने 97.2, इशिका श्रीवास्तव ने 97, लक्षिता ने 96.6, रितिका ने 96.6, रजत शर्मा ने 96.4, मोहित यादव ने 96.4, शुभम ने 96.2, अंजलि यादव ने 96, रूपेश नरुका ने 95.8 आदि विद्यार्थियों ने बेहतरीन अंक के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। जैसे ही परीक्षा परिणाम की घोषणा हुई विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई।

सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की

सनग्लो इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों का सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रेवाड़ी। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर खुशी व्यक्त करते विद्यार्थी।

नारनौल रोड स्थित सनग्लो इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई की 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

दसवीं में नेहा ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र नैतिक 96.7 प्रतिशत, लक्ष्य 96.6 प्रतिशत, कर्तव्य 95.5 प्रतिशत, अनुष्का 95.4 प्रतिशत, वंशिका 94.4 प्रतिशत, मयंक 94.3 प्रतिशत, देवांशु 94.3 प्रतिशत, वंदना 94.2 प्रतिशत, साक्षी यादव 93.3 प्रतिशत, तनु यादव 93.3 प्रतिशत, अधिराज 93.4 प्रतिशत, प्रतीक 92.4 प्रतिशत, प्रशांत यादव 92.2 प्रतिशत, भूपेश 91.2 प्रतिशत, साक्षी वर्मा 91.3 प्रतिशत, राधिका 90.2 प्रतिशत, जिगर 90.2 प्रतिशत, मूवी 87.4 प्रतिशत, जतिन 87.5 प्रतिशत, पूर्व 85.4 प्रतिशत, आलोक 84.4 प्रतिशत, अंशुमन 83.3 प्रतिशत, धीरज 82.4 प्रतिशत, देवांश 82.3 प्रतिशत, राजीव 82.4 प्रतिशत, महक 80.4 प्रतिशत, सुयश 80.2 प्रतिशत, रोहित 78.2 प्रतिशत व निधि ने 80.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वंशिका व श्रुति ने सोशल साइंस में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए। बारहवीं कक्षा में विज्ञान, वाणिज्य और कला संकाय के छात्रों ने उत्कृष्ट परिणाम दिए। हर्षिता ने 97.6 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान अर्जित किया। हेमंत, खुशी और रितिका 96 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। कॉमर्स संकाय में 95.4 प्रतिशत अंकों के साथ अभिषेक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नैंसी व हर्षिता प्रजापति 94.6 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रही। यश यादव 93.4 प्रतिशत, चिराग 93.3 प्रतिशत, लक्ष्य 91.4 प्रतिशत, प्रिया 90.6 प्रतिशत व खुशी गोयल ने 89.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। स्कूल के अध्यक्ष डा. वीपी यादव, निदेशिका शारदा यादव व प्रधानाचार्या गरिमा यादव ने छात्रों की शानदार सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

बिना नंबर प्लेट की बाइक पकड़ी जांच में दिल्ली से चोरी हुई मिली

रेवाड़ी। थाना कसोला पुलिस ने आसलवास फ्लाईओवर के पास एक बिना नंबर प्लेट की बाइक रुकवाकर जांच की, तो यह बाइक दिल्ली से चोरी हुई मिली। पुलिस ने बाइक चालक को गिरफ्तार करने के बाद केस दर्ज कर लिया। आरोपी को पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है। गश्त के दौरान पुलिस को औद्योगिक एरिया की ओर से एक बिना नंबर प्लेट लगी बाइक आते हुए दिखाई दी। पुलिस को देखकर चालक बाइक को वापस मोड़कर भागने लगा। संदेह के आधार पर पीछा करते हुए पुलिस ने उसे काबू कर लिया। बाइक के दोनों ओर नंबर प्लेट नहीं थी। पुलिस ने चालक से बाइक के कागज दिखाने को कहा, तो उसने कागज होने से मना कर दिया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम मेवात के गोधोला निवासी गुलफान बताया। पुलिस ने चालानिंग मशीन से बाइक के इंजन व चेसिस नंबर डाले, तो यह बाइक नई दिल्ली के आजादपुर निवासी कंवल के नाम पंजीकृत मिली। पुलिस ने कंवल से संपर्क किया तो उसने बताया कि उसकी बाइक गत वर्ष दिसंबर माह में चोरी हो गई थी, जिसकी एफआईआर 28 दिसंबर को दिल्ली के आदर्श नगर पुलिस थाने में दर्ज कराई गई थी। दो दिन में दूसरी बाइक बरामद बाइकों की चेकिंग इस समय सख्ती से की जा रही है, जिस कारण चोरी की बाइकें भी लगातार बरामद हो रही हैं। एक दिन पूर्व ही पुलिस ने फर्जी नंबर प्लेट लगी बाइक बरामद की थी। वह बाइक भी दिल्ली के शाहिन बाग एरिया से चोरी हुई थी। इससे यह बात भी साफ हो गई है कि दिल्ली से चोरी हुई बाइकों का इस क्षेत्र में जमकर इस्तेमाल किया जा रहा है।

शत प्रतिशत रहा ऋषि पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम

रेवाड़ी। दिल्ली रोड जोनावास स्थित ऋषि पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का 10वीं और 12वीं का सीबीएसई बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल निदेशक विभुपाल ने सभी शिक्षकों और छात्रों को बधाई दी। बारहवीं कक्षा में 95.6 प्रतिशत अंक के साथ खिजुरी से पलक कॉमर्स टॉपर, 92.6 प्रतिशत के साथ रालियावास से ज्योति साइंस टॉपर व 90.6 प्रतिशत अंक लेकर सुधीर मांढैया ह्यूमैनिटी टॉपर रहे। दसवीं कक्षा में कनक शर्मा 98.4 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में प्रथम रही। स्कूल निदेशक व प्रधानाचार्य ने सभी टॉपर्स, शिक्षकों और परिवार के सदस्यों को बधाई दी।

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बोड़िया कमालपुर खंड जादूसाना, जिला रेवाड़ी में जोहड़ में पल रही मछलियों की सफाई के लिए जाल लगाया जाना है। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 16 मई 2025 (शुक्रवार) तक गांव के सरपंच व ग्राम सचिव से संपर्क कर सकता है। बाकी शर्तें मौके पर बता दी जाएगी।

सरपंच- नेहा
ग्राम पंचायत बोड़िया कमालपुर, खंड जादूसाना
जिला रेवाड़ी (हरियाणा) मो. 8569870027

बारहवीं में विजेता 96.8 प्रतिशत अंक के साथ रही प्रथम

एमआर स्कूल ने 10वीं व 12वीं में लहराया परचम

सीबीएसई बोर्ड की ओर से 10वीं व 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नारनौल। एमआर स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

सीबीएसई बोर्ड की ओर से घोषित 10वीं व 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में एमआर पब्लिक स्कूल ने मिशाल कायम की है। स्कूल का 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम के साथ 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम भी काफी शानदार रहा।

बारहवीं कक्षा में नॉन मेडिकल में विजेता ने 96.8 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, मुस्कान ने 94.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय, खुशी ने 92.4 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेडिकल में संगम ने 94.2 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, मानसी ने 91.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय, शाएना ने 90.8 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स में पलक ने 96.6 प्रतिशत प्रथम, नीलम ने 94.2 प्रतिशत द्वितीय व कशिश ने 90.2 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किया। आर्टस संकाय में मुस्कान ने 92.6 प्रतिशत प्रथम, प्रिया ने 91.4 प्रतिशत द्वितीय व कोमल ने 90.8 प्रतिशत के साथ प्राप्त तृतीय स्थान प्राप्त किया। दसवीं कक्षा की पलक 96.6 प्रतिशत के साथ प्रथम, तन्नु यादव ने 94.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय व कीर्ति ने 94 प्रतिशत अंक के साथ कीर्तिमान स्थापित करते हुए विद्यालय, अभिभावकों व शिक्षकों का नाम रोशन किया। बारहवीं कक्षा में 43 विद्यार्थियों व दसवीं कक्षा के 37 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। स्कूल प्रांगण में इस खुशी के मौके पर अभिभावकों, शिक्षकों व विद्यार्थियों ने एक दूसरे को बधाई दी। अभिभावकों ने बच्चों के अच्छे परिणाम की सराहना करते हुए स्कूल के चेयरमैन, प्राचार्या व शिक्षकों का धन्यवाद किया। चेयरमैन सियाराम ने सर्वेश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि एमआर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी भविष्य में भी बेहतर परीक्षा परिणाम देकर स्कूल व अभिभावकों का नाम रोशन करते रहेंगे।

सार्वजनिक सूचना

मेरा पिता स्व. दुल्ली चन्द पुत्र श्री नेतराम निवासी मकान नंबर 3110, वार्ड नंबर 14, मौहल्ला रामबास नीयर भाड़ावास गेट रेवाड़ी है मेरे पिता दुल्ली चन्द का स्वर्गवास दिनांक 18.10.1994 और मेरी माता श्रीमति बिमला देवी का स्वर्गवास दिनांक 19.03.2022 को हो चुका है। श्री दुल्ली चन्द के निम्न लिखित जाईज वारसान है।

1. दिनेश सैनी पुत्र श्री दुल्ली चन्द 2. श्रीमति मीना देवी पुत्री दुल्ली चन्द उपरोक्त वारसान के अलावा अन्य कोई वारसान नहीं है।

प्रार्थी दिनेश सैनी पुत्र स्व. दुल्लीर चन्द सैनी, निवासी मोहल्ला रामबास नीयर भाड़ावास गेट, वार्ड-14, रेवाड़ी के हल्फनामे के अनुसार दुल्ली चन्द पुत्र नेतराम व इनकी पत्नी बिमला देवी का स्वर्गवास हो चुका है। मृतक प्रमाण पत्र संलग्न है। इनके निम्न वारसान है। 1. दिनेश सैनी पुत्र 2. मीना देवी पुत्री दुल्ली चन्द ही कुल दो वारसान में रिपोर्ट प्रार्थी के हल्फनामे अनुसार है।

तसदीक मार्फत वार्ड पार्षद रिपोर्ट श्री दुल्लीचन्द पुत्र नेतराम निवासी मोहल्ला रामबास नीयर भाड़ावास गेट रेवाड़ी का स्वर्गवास दिनांक 18.10.1994 को चुका है व श्रीमति बिमला देवी पत्नी दुल्लीचन्द का भी स्वर्गवास दिनांक 19.03.2022 को हो चुका है। जिसके निम्न वारसार है 1. दिनेश सैनी पुत्र व मीना देवी पुत्री दुलीचन्द के हर दो समभाग वारसान है रिपोर्ट कोर्ट में पेश है।

हस्ता/-तहसीलदार, रेवाड़ी

सार्वजनिक सूचना

मैं नरेन्द्र राव पुत्र श्री अशोक राव निवासी रानी की डयोढी, रेवाड़ी, तहसील व जिला रेवाड़ी बयान करता हूं कि मेरे पिताजी श्री अशोक का दिनांक 25.08.2018 को स्वर्गवास हो गया है जिसके निम्नलिखित कानूनी वारसान/उत्तराधिकारी है:- राजबाला राव (पत्नी), नरेन्द्र राव (पुत्र), जोगेन्द्र राव (पुत्र) उपरोक्त वारसान के अलावा श्री अशोक राव का कोई कानूनी वारसान/उत्तराधिकारी नहीं है।

प्रमाणिक किया जाता है कि श्री अशोक राव पुत्र राव विजयपाल सिंह का स्वर्गवास 25.08.2018 को हो चुका है। इनके निम्न तीन वारसान है। 1. राजबाला राव पत्नी 2. नरेन्द्र राव पुत्र 3. जोगेन्द्र राव पुत्र निवासी रानी की डयोढी कटला बाजार रेवाड़ी हरियाणा। इनके अलावा अशोक राव पुत्र राव विजयपाल सिंह निवासी रानी की डयोढी कटला बाजार रेवाड़ी हरियाणा का कोई और वारसान नहीं है।

राजबाला राव, म्यूनिसिपल काउंसलर, रेवाड़ी

तसदीक मार्फत वार्ड पार्षद रिपोर्ट स्व. श्री अशोक राव पुत्र श्री राव विजयपाल सिंह का देहांत दिनांक 25.08.2018 को हो चुका है। जिनकी मृत्यु पश्चात निम्न कानूनी वारिस है:- 1. राजबाला राव पत्नी 2. नरेन्द्र राव पुत्र 3. जोगेन्द्र राव पुत्र मुतवकी 1 कुल तीन कानूनी वारिस है। रिपोर्ट सेवा में पेश है।

हस्ता/-तहसीलदार, रेवाड़ी

सार्वजनिक सूचना

मैं, सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्री हरी सिंह पुत्र श्री थाना राम निवासी मकान न. 681 मोहल्ला कुतुबपुर जिला रेवाड़ी हरियाणा की स्थाई निवासी हूँ और हलफन बयान करती/करता हूँ कि प्रार्थी के पिता स्व. श्री हरी सिंह पुत्र श्री थाना राम पुत्र श्री पल्लू राम निवासी मकान नं. 458 मोहल्ला कुतुबपुर जिला रेवाड़ी हरियाणा का देहांत दिनांक 13-02-2020 को हो चुका है। और स्व. श्री हरी सिंह पुत्र श्री थाना राम पुत्र श्री पल्लू राम निवासी मकान नं. 458 मोहल्ला कुतुबपुर जिला रेवाड़ी हरियाणा के क़ानूनी वारसान निम्नलिखित हैं :-

1. श्रीमती चन्द्रावती	पत्नी
2. श्रीमती मुकेश	पुत्री
3 श्री भाल सिंह यादव	पुत्र
4. श्री सुरेन्द्र कुमार	पुत्र
5. श्री वेद प्रकाश यादव	पुत्र
6. श्रीमति संतोष यादव	पुत्री

यह कि उपरोक्त वारसान के अलावा स्व. श्री हरी सिंह पुत्र श्री थाना राम पुत्र श्री पल्लू राम निवासी मकान नं. 458 मोहल्ला कुतुबपुर जिला रेवाड़ी हरियाणा के और कोई अन्य कानूनी वारसान नहीं है और यदि कोई होगा तो उसका मैं स्वयं जिम्मेवार हूंगा/हूंगी।

बयानकर्ता-सुरेन्द्र कुमार

खबर संक्षेप

अंगूठे लगवाने के बाद नहीं दिया सामान, डिपो धारक के खिलाफ केस दर्ज

रेवाड़ी। नांगल जमालपुर के डिपो होल्डर ने कार्ड धारकों के अंगूठे मशीन पर लगवाने के बाद उन्हें राशन का सामान नहीं दिया। शिकायत के बाद जांच हुई तो स्टॉक में सामान ज्यादा पाया गया। खाद्य एवं आपूर्ति निरीक्षक ने डिपो होल्डर के खिलाफ खोल पुलिस थाने में केस दर्ज कराया है।

विभाग को शिकायत मिली थी कि नांगल जमालपुर के डिपो होल्डर लीलाराम गांव में राशन वितरण में गड़बड़ी करता है। उसने कई कार्ड धारकों के अंगूठे मशीन में लगवाने के बाद गेहूं, चावल, बाजरा व सरसों का तेल नहीं दिया।

मुख्यालय स्तर पर शिकायत पहुंचने के बाद विभाग की टीम ने मौके पर जाकर लीलाराम के डिपो के स्टॉक की जांच की। जांच के दौरान 870 किलोग्राम गेहूं, 1550 किलोग्राम बाजरा, 188 किलोग्राम चीनी व 64 लीटर सरसों का तेल रिकॉर्ड से ज्यादा पाया गया।

27 जून को निकाली जाएगी जगन्नाथ यात्रा

रेवाड़ी। शहर में पिछले 150 वर्षों से भी अधिक समय से निकाली जा रही भगवान जगन्नाथ की यात्रा इस बार 27 जून को निकाली जाएगी। बारा हजारी स्थित प्राचीन जगन्नाथ मंदिर के संचालक पंडित टेकचंद ने जनता से यात्रा के संबंध में भ्रमित न होने की अपील की है। उनका आरोप है कि कुछ लोग इस यात्रा के बारे में भ्रम फैलाकर नगर में पहली बार यात्रा निकाले जाने का दावा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्राचीन मंदिर से यात्रा अंग्रेजों के समय से चल रही है और आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि बाराहजारी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से निकलने वाली रथ यात्रा को तो अंग्रेज भी नहीं रोक पाए थे। यह यात्रा सैंकड़ों वर्षों से निर्बाध रूप से चली आ रही है। उन्होंने कहा कि यह प्राचीन यात्रा से लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। यात्रा के दौरान अलग-अलग स्थानों पर इसका स्वागत किया जाता है।

यौन उत्पीड़न करने वाले युवक को 20 साल की सजा

रेवाड़ी। फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश लोकेश गुप्ता ने नाबालिग बच्चे का अपहरण कर यौन उत्पीड़न करने वाले आरोपी युवक को दोषी करार देते हुए 20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं भरने पर आरोपी को जेल की अतिरिक्त सजा भी भुगतनी होगी। सेक्टर-6 थाना धारूहेड़ा क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया था कि 19 अप्रैल 2023 की दोपहर उनका नाबालिग बेटा स्कूल से घर आ रहा था। रास्ते में उन्ही के गांव का एक युवक उसके बेटे का अपहरण करके ले गया और उसका यौन उत्पीड़न किया। इसी दौरान एक अन्य युवक ने उसे देख लिया।

सीबीएसई का 10वीं व 12वीं का रिजल्ट जारी, छात्रों के खिल उठे चेहरे

लड़कियों ने फिर मारी बाजी, स्कूलों में मनाया जश्न, मिठाइयां बांटी

हरिभूमि न्यूज ⏭|ककककूककू

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

सीबीएसई बोर्ड की ओर से मंगलवार को कक्षा दसवीं व बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। देशभर में सीबीएसई के 17 रीजन में पंचकूला रीजन ने कक्षा बारहवी में 91.17 प्रतिशत के साथ 8वां स्थान प्राप्त किया है। दसवीं व बारहवीं के रिजल्ट में इस बार भी लड़कियां अव्वल रही है। दसवीं में पंचकुला रीजन का प्रतिशत 92.77 प्रतिशत रहा। बारहवीं के तीनों संकायों में सराहनीय प्रदर्शन करते हुए विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया है। दसवीं व बारहवीं कक्षा का परिणाम आते ही बच्चों के चेहरे खिल उठे। रिजल्ट आने पर स्कूलों में विद्यार्थियों ने शिक्षकों के साथ जमकर जश्न मनाया। जिले से इस बार सीबीएसई बोर्ड दसवीं परीक्षा में करीब 9200 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। बारहवीं परीक्षा में जिले से करीब 8000 विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन किया गया। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में एक बार फिर लड़कियों ने उत्कृष्ट परिणाम देकर बाजी मारी है।

रेवाड़ी। जैन पब्लिक स्कूल में सीबीएसई रिजल्ट की खुशी मनाते विद्यार्थी।

जेपीएस में 97.6 प्रतिशत अंक लेकर हिमांशी रही अव्वल

मंगलवार को सीबीएसई की बारहवीं कक्षा का परिणाम घोषित होते ही बच्चों के चेहरे खिल उठे। जैन पब्लिक स्कूल का परिणाम सराहनीय रहा। नॉन मेडिकल संकाय की हिमांशी 97.6 प्रतिशत अंक लेकर अव्वल रही। कला संकाय की निधि यादव ने 96.6 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा तथा इसी संकाय की कनिष्का शर्मा ने 96.4 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान पाया। विद्यालय के मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा ने बताया कि नॉन मेडिकल में नमित जैन 94.4 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा तथा मेघा महेश्वरी व प्राची अग्रवाल 94 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहीं। कला संकाय में इशानवी अरोड़ा 96 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही। वाणिज्य संकाय में चहक अग्रवाल 96.2 प्रतिशत अंक लेकर पहले, खुशी अग्रवाल 95.2 प्रतिशत अंक लेकर दूसरे तथा प्राची अग्रवाल 95 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही। मेडिकल संकाय में धानवी 90.8 प्रतिशत अंक लेकर पहले, रितिका 89 प्रतिशत अंक लेकर दूसरे तथा रुही 87 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही। प्रधानाचार्या सोनल छाबड़ा, उप प्रधानाचार्या विजय गुप्ता एवं शिक्षकों के साथ-साथ प्रबंधन समिति के प्रधान प्रदीप जैन, उपप्रधान राकेश जैन, सचिव अमित जैन, प्रबंधक मोहित जैन, कोषाध्यक्ष सचिन जैन, सदस्य अनुज जैन, भारत जैन, पलका जैन एवं प्रद्युम्न जैन ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

आईएएस बनना चाहती है हिमांशी

बारहवीं कक्षा में नॉन मेडिकल संकाय के साथ हिंदी विषय लेकर अव्वल रहने वाली हिमांशी आईएएस बनना चाहती है। हिमांशी पहले जेईई फिर एनडीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुकी है। विज्ञान के विषयों के साथ मातृभाषा हिंदी का मान बढाने वाली हिमांशी दसवीं कक्षा में भी अव्वल रही थी। इतना ही नहीं अंतराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय स्थान भी पा चुकी है। छात्रा ने गणित में 99 तथा फीजिक्स, कैमेस्ट्री के साथ-साथ हिंदी में भी 98 अंक प्राप्त किए। छात्रा इस समय सीयूईटी की तैयारी कर रही है।

डीएवी पुलिस पब्लिक ने दिया सराहनीय रिजल्ट

डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई परीक्षा में एक बार फिर से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यार्थियों ने कक्षा 10वीं और 12वीं में शानदार परिणाम प्राप्त कर विद्यालय, अभिभावकों और शिक्षकों का गौरव बढ़ाया है। कक्षा 10वीं में 18 छात्रों ने परीक्षा दी। स्कूल का शत प्रतिशत परिणाम रहा। तीन विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक व छह छात्रों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

दसवीं में कुनाल 92.60 प्रतिशत, मुकुल कश्यप 92.20 प्रतिशत व पुष्कर यादव 91 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल टॉपर्स रहे। कक्षा 12वीं में 10 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। स्कूल का पास प्रतिशत 90 रहा। बारहवीं में 5 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक व तीन ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। बारहवीं में गरिमा 86.60 प्रतिशत अंक, देवांशी 85 प्रतिशत व निशांत यादव 84.20 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल टॉपर्स रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह दहिया ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

रेवाड़ी। होली चाइल्ड स्कूल में सीबीएसई रिजल्ट की खुशी मनाते विद्यार्थी।

होली चाइल्ड स्कूल के छात्रों का बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

छात्र कार्तिकेय।

छात्र साहिल।

छात्रा वंशिका।

रेवाड़ी। सीबीएसई की ओर से घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल के कॉमर्स संकाय के छात्र कार्तिकेय ने 97.8 प्रतिशत अंक, नॉन मेडिकल में साहिल ने 97.6 प्रतिशत अंक, कला संकाय में वंशिका यादव पुत्री संदीप यादव ने 96.2 प्रतिशत तथा मेडिकल में वंशिका पुत्री संजय ने 94 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल की गौरवशाली परम्परा को कायम रखा। स्कूल के 8 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक व 35 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 12वीं की परीक्षा में शामिल हुए सभी 229 छात्रों ने सफलता प्राप्त की। 10वी के परीक्षा परिणाम में योहाना ने 96.6 प्रतिशत अंक, दिव्यम् ने 96.2 प्रतिशत अंक व मुस्कान अग्रवाल ने 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दसवीं के 11 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक व 43 छात्रों ने 90 प्रतिशत अधिक अंक प्राप्त किए। 10वीं की परीक्षा में सभी 223 छात्रों ने सफलता प्राप्त की। 10वीं एवं 12वीं के छात्रों का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। छात्रों ने अभिभावकों और अध्यापकों को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर स्कूल निदेशक अनिरुद्ध सचदेवा ने सभी होनहार छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इसी तरह प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनाव के लिए मतदाता सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ⏭|रेवाड़ी

पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनाव-2025 के प्रयोजनार्थ हरियाणा पंचायती राज, निर्वाचन नियम 1994 के नियम के अनुसार जिले में उप चुनाव के लिए वार्ड वाईज मतदाता सूची तैयार कर मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि जिले के खंड बावल की ग्राम पंचायत रघुनाथपुरा, आनंदपुर, धारण और नंगली परसापुर, खंड डहीना की ग्राम पंचायत जैनाबाद, ढाणी जरावत, कंवाली, खंड धारूहेड़ा की ग्राम पंचायत रालियावास, डवाना, लाधुवास गुर्जर, बालियर कलां, खड जाटूसाना की ग्राम पंचायत कन्हौरी, खंड खोल की ग्राम पंचायत सुन्दरोज, माजरा मुस्तिल भालखी, खंड रेवाड़ी की ग्राम पंचायत नयागांव, घुडकावास, गिन्दोखर, बैरियावास, ठोठवाल व खंड नाहड की ग्राम पंचायत श्याम नगर व गुर्जरवास सहित पंचायत समिति नाहड़ के वार्ड नंबर-5 के उप चुनाव के लिए वार्ड वाईज मतदाता सूची तैयार कर मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कोई भी व्यक्ति उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय रेवाडी, संबंधित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय, संबंधित ग्राम पंचायत सचिव के अलावा जिले की वेबसाईट रेवाड़ी.जीओवी.इन पर मतदाता सूची देख सकता है।

अभिषेक मीणा डीसी

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले की वेबसाईट रेवाड़ी .जीओवी .इन पर मतदाता सूची देख सकता है

नौकरी के नाम पर ठगी का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

गत वर्ष सितंबर माह में एक कार मैनेनिक को नौकरी का झांसा देकर हजारों रुपये की चूना लगाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

9 सितंबर 2024 को सिटी पुलिस को दर्ज शिकायत में मुक्तिवाड़ा मोहल्ला निवासी हीरालाल ने बताया था कि वह कार मैकेनिक कार्य करता है। उसके पास 4 सितंबर को एक अनजान नंबर से फोन आया था। फोन करने वाले ने उसे नौकरी लगाने की बात कही थी। इसके बाद उसने 1100 रुपये एक खाते में डलवा लिए। उसने आरोप लगाया कि फोन करने वाले ने उसे मेडिकल कार्ड बनवाने व दूसरी औपचारिकताएं पूरी करने के नाम पर सात बार में 96219 रुपये डलवा लिए। इसके बाद उसे ठगी का अहसास हुआ। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने पंजाब के राता डिब्बा निवासी बलजीत सिंह को गिरफ्तार किया है।

रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी बलजीत सिंह

मॉडल संस्कृति स्कूल में फैमिली आईडी कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭|रेवाड़ी

मंगलवार को मॉडल संस्कृति स्कूल ततारपुर इस्तमुरार में फैमिली आईडी की कार्यशाला का आयोजन किया गया। परिवार पहचान पत्र प्राधिकरण के स्टेट कोऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला ने नौवीं से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को फैमिली आईडी की उपयोगिता बताई। उन्होंने विद्यार्थियों को फैमिली आईडी स्वयं बनाने, गलतियां हो गई तो उनको स्वयं ठीक करने, नया व्यक्ति जोड़ने व मृत्यु होने पर व्यक्ति का नाम हटाने की प्रक्रिया बताई। डा. खोला ने विद्यार्थियों को साइकिल योजना, स्कूटी योजना तथा छात्रवृति जैसी योजनाओं के लिए फॉर्म अप्लाई करना सिखाया। उन्होंने बताया कि सभी ग्राम स्तर पर तथा शहरों में वार्ड स्तर पर सीपीएलओ नियुक्त किए है, उनसे संपर्क करके जन्म तिथि, व्यवसाय तथा अन्य योजनाओं के बारे में भी जानकारी ली जा सकती है। कार्यशाला में प्रिंसिपल विनोद मेहता, वीरेंद्र सिंह, मनोज कुमार, नरेंद्र सिंह, नीता रानी, निधि, पुष्पा रानी, रचना यादव, राजेश कुमार, रवि कांत, संजय यादव, सरिता यादव, सुषमा यादव व स्वाति सहित सभी अध्यापकों व विद्यार्थियों ने भाग लिया।

रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए सतीश खोला।

आरडीएस गर्ल्स कॉलेज में इंटर्नशिप सेल गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭|रेवाड़ी

एनईपी-2020 के तहत स्नातकोत्तर में छात्रों को द्वितीय सेमेस्टर के उपरांत ग्रीष्मावकाश के दौरान चार से छह सप्ताह की इंटर्नशिप अनिवार्य है।

कालाका रोड़ स्थित आरडीएस पब्लिक गर्ल्स कॉलेज में प्राचार्य डा. दलबीर सिंह यादव की ओर से महाविद्यालय में इंटर्नशिप सैल का गठन किया गया, जिसमें सैल निदेशक की भूमिका में मिथलेश यादव एवं समन्वयक का कार्य डा. सुनीता यादव द्वारा किया जाएगा। सैल में टीचर इंचार्ज डा. परवीन कुमारी, रेणु यादव, सोनल व शालिनी रहेंगी। कार्यालय सहायक के रूप में लोकेश्वर शर्मा का चयन किया गया है। प्राचार्य डा यादव ने बताया कि इस सैल के गठन का उद्देश्य महाविद्यालय की छात्राओं का दिशा-निर्देशित करना है। आईजीयू मीरपुर द्वारा जारी संस्थानों की सूची में शामिल संस्थानों जैसे लोकल इंडस्ट्री, कम्युनिटी सर्विस, पुस्तकालय व लोकल गवर्नमेंट्स से संपर्क किया जा चुका है और जल्द ही अन्य संस्थानों से संपर्क कर महाविद्यालय की छात्राओं को सूचित किया जाएगा ताकि वे समय पर आगे की प्रक्रिया पूरी कर सकें। इंटर्नशिप पूर्ण होने के उपरांत टीचर इंचार्ज छात्राओं की ट्रेनिंग की रिपोर्ट के आधार पर मूल्यांकन करेंगी। इंटर्नशिप कराने वाली संस्था भी छात्राओं को मूल्यांकित करेंगी। एनईपी-2020 के तहत यह प्रक्रिया अभी केवल स्नातकोत्तर की छात्राओं के लिए है। स्नातक की छात्राओं को चतुर्थ सेमेस्टर के उपरांत इंटर्नशिप करनी होगी। प्राचार्य ने कहा कि इंटर्नशिप का पाठ्यक्रम में लागू किया जाने का यह पहला वर्ष होने के कारण चुनौती पूर्ण कार्य है।

रेवाड़ी। आरडीएस गर्ल्स की इंटर्नशिप सैल के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 1500/- रु. 2000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

पुलिस ने प्रेमी युगल सुरक्षा के लिए स्थापित की हेल्प डेस्क

रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार प्रेमी युगल को रेवाड़ी पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराएगी। इसके लिए पुलिस की ओर से हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। प्रेमी युगल सुरक्षा के लिए पुलिस के पास आवेदन कर सकते है। एसपी ने बताया कि प्रेमी युगलों की सुरक्षा के लिए जिला पुलिस कार्यालय के कमरा नंबर-209 व जिला पुलिस लाइन में सुरक्षा हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है, जिसका नोडल अधिकारी डीएसपी क्राइम अगेंस्ट वूमेन विनोद शंकर को लगाया गया है। प्रेमी युगल की ओर से आवेदन करने पर तय समय सीमा में सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी। इसके अलावा प्रेमी युगल अपने नजदीकी थानों में भी सुरक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं, इसके लिए प्रत्येक पुलिस स्टेशन में एक पुलिस कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। प्रेमी युगल किसी आपात स्थिति में डायल 112 पर भी कॉल कर सकते है।

रेवाड़ी। छबील पर लोगों को पानी पिलाते हुए समिति सदस्य।

छबील लगाकर मीठा पानी पिलाया

रेवाड़ी। गांव बीकानेर में भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर समिति सदस्यों ने छबील लगाकर राहगीरों को ठंडा पानी पिलाया।

समिति सदस्य समाजसेवी धनीराम मेहरा ने कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में पानी की व्यवस्था करना पुण्य का कार्य है। उन्होंने सभी से ग्रीष्मकाल में सभी जीवों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करने की अपील की। इस अवसर पर समिति सदस्य हरीश, सुरेंद्र, रमन, संजय, दीपक, नोनू, मनोज व बबलू का सहयोग रहा।

प्रतियोगिता डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭|रेवाड़ी

पोस्टर प्रतियोगिता में सौम्या सागर और भावना को मिला प्रथम पुरस्कार

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के बीच डा. अंबेडकर के जीवन संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को समझने व रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता का विषय डा. बीआर अंबेडकरः जीवन संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में योगदान था। प्रतियोगिता दो श्रेणियों हैंडमेड पोस्टर एवं ई-पोस्टर में आयोजित की गई। राज्य भर से विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और विचारों को पोस्टरों के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों को उनके प्रयासों के लिए ई-सर्टिफिकेट प्रदान किए गए और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को विजेताओं की सूची में स्थान मिला। हैंडमेड पोस्टर श्रेणी में भावना कक्षा 10वीं डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल पानीपत ने प्रथम स्थान, वंश कक्षा 10वीं ब्रह्मशाखी सीनियर सैकेंडरी स्कूल व खुशी कक्षा 12वीं वीर शहीद गुलाब सिंह पीएम राजकीय कन्या सीनियर सैकेंडरी स्कूल बवानी खेड़ा भिवानी ने द्वितीय स्थान एवं सपना कुमारी बीकॉम द्वितीय वर्ष राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

ई-पोस्टर श्रेणी में सौम्या सागर बीसीए द्वितीय वर्ष राजकीय महिला कॉलेज करनाल ने प्रथम, नरुल बीएससी ऑनर्स हॉर्टिकल्चर महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय करनाल एवं पर्ल बीएससी बायोटेक दयानंद कॉलेज हिसार ने द्वितीय स्थान एवं मोहित कुमार एमएससी रसायन विभाग आईजीयू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक प्रो. करण सिंह ने सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को बधाई दी। कार्यक्रम संयोजक डा. संदीप यादव ने कहा कि ऐसी रचनात्मक प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की सोच, अभिव्यक्ति और सामाजिक चेतना को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। डा. अंबेडकर का जीवन हमें सामाजिक समरसता, समानता और शिक्षा का महत्व समझाता है। डा. सुशांत, डा. अनीता और डा. ललित ने भी सभी विजेताओं की सराहना की। निर्णायक मंडल में डा. प्रियंका रंगा, डा. मेघा और डा. संदीप कुमार ने छात्रों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया।

रेवाड़ी। एक प्रतिभागी की ओर से बनाया गया पोस्टर। फोटो : हरिभूमि